दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 20 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 52

देशभर में सर्दी का असर हुआ तेज, कई राज्यों में आज होगी बारिश

नईदिल्ली | आरएनएस

देशभर में मौसम करवट बदल चुका है और उत्तर भारत में ठंड की शुरुआत हो चुकी है। कई इलाकों में तो तापमान 15 डिग्री तक जा पहुंचा है, जिसके चलते सुबह-शाम घना कोहरा छाया रहता है।मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत कई जगहों पर घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है।दूसरी तरफ दक्षिण भारत में तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप, रायलसीमा और केरल में बारिश की संभावना है।

लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में भी ठंड धीरे-धीरे बढ़ रही है। प्रदूषण के चलते दिन में धूप नहीं निकल रही है, जिससे तापमान में भी गिरावट आ रही है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3 दिन दिल्ली में ठंड, कोहरे और प्रदूषण का असर देखने को मिलेगा।आज दिल्ली के ज्यादातर इलाके में घना कोहरा छाया रह सकता है, जिसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम 15 डिग्री रह सकता है।

उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रात के वक्त ठिठुराने वाली ठंड पडऩा शुरू हो गई। आज यहां कुछ इलाकों में घना कोहरा छाया रहा।इसी के साथ मौसम विभाग ने राजस्थान में आने वाले दिनों में ठंडक बढऩे की संभावना जताई है। प्रदेश के सीकर जिले में तापमान गिरकर 7.5 डिग्री तक पहुंच गया है।बताया जा रहा है कि उत्तर-पश्चिमी राज्यों में अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है।

दिल्ली में कोहरे का कोहराम, कम विजिबिलिटी के कारण 80 से ज्यादा ट्रेनें लेट

ट्रेनों के परिचालन पर कोहरे का असर जारी है। कम विजिबिलिटी के कारण मंगलवार को कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। दिल्ली आने-जाने वाली ट्रेनों पर काफी असर देखा जा रहा है। दिल्ली में भारी प्रदूषण के चलते यहां विजिबिलिटी कम है। यात्री सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों की देरी से चलने की लगातार शिकायत कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

मंगलवार सुबह 7 बजे दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 500 से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली का औसत एक्यूआई 494 रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन में सर्वाधिक है। यानी राजधानी में आज सीजन की सबसे खराब हवा रही। कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार धीमी पड़ जाती है इसी के चलते ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कई ट्रेन सात से आठ घंटे लेट चल रही हैं।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है और ऑनलाइन क्लासेज शुरू की जा रही हैं। हालांकि 10वीं और 12वीं के छात्रों को स्कूल जाने की इजाजत है, जिन्हें मास्क दिए जाएंगे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि दिल्ली की सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है।

कहर बरपाने लगा कोहरा, अलग-अलग सडक़ हादसों में दो लोगों की मौत, तीन दर्जन से ज्यादा घायल

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर भारत में ठंड की शुरुआत होने के साथ ही कोहरा और धुंध छाने लगी है, जो हादसों का सबब बन रही है. मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोहरे का कहर देखने को मिला. जहां अलग-अलग हादसों में दो बाइक सवारों की मौत हो गई. जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए. दरअसल, दिल्ली-एनसीआर में इनदिनों कोहरे के साथ धुंध छाई हुई है. जिसके चलते दृष्यता काफी कम हो गई है अब ये हादसों का कारण बनने लगी है. मंगलवार सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के चलते एक खराब ट्रक से कई वाहन टकरा गए. इन हादसों में कई वाहन चालक घायल हो गए. जिन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. जबकि एक घायल का शिकोहाबाद अस्पताल में इलाज चल रहा है. हादसे में घायल हुए लोगों ने बताया कि, हम कुछ भी नहीं देख पाए और हमारी कार ने दूसरे वाहन को टक्कर मार दी, उसके बाद पीछे से तीन-चार और कारें हमारी कार से टकरा गईं. यही नहीं मंगलवार को कोहरे के चलते ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर कम दृश्यता रही. इस दौरान एक ट्रक दूसरे से टकरा गया, इसके बाद एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए. इस दौरान पानीपत से मथुरा जा रही एक बस खड़े ट्रकों से टकरा गई, जिससे लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया. उधर आगरा के पास फिरोजाबाद में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर नसीरपुर के पास एक पिकअप ट्रक खराब हो जाने से छह गाडिय़ां आपस में टकरा गईं. धुंध के कारण ड्राइवर रुके हुए वाहन को देख नहीं पाए. जिससे एसयूवी और अन्य कारों का ढेर लग गया. वहीं बुलन्दशहर में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे मैनपुरी निवासी मंशाराम की मौत हो गई.

महत्वपूर्ण एवं खास

सुप्रीम कोर्ट-इलाहाबाद हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी पाकिस्तानी नंबर से आया मैसेज

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश में धमकी भरे कॉल और मैसेज आने का सिलसिला जारी है. अब सुप्रीम कोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट और प्रयागराज रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. ये धमकी सोमवार देर रात एक पाकिस्तानी नंबर से व्हाट्सएप मैसेज के जरिए दी गई. जानकारी के मुकाबिक, ये धमकी भरा मैसेज श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और ईदगाह केस में वाद दायर करने वाले आशुतोष पांडे के व्हाट्सएप पर सोमवार रात 13.30 से 1.40 बजे के बीच किया गया. पाकिस्तानी नंबर से उन्हें वॉइस मैसेज किया गया. बता दें कि आज शादी ईदगाह मामले की इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है. इससे पहले आशुतोष पांडे के व्हाट्सएप पर एक के बाद एक कुल 6 वॉइस मैसेज आए.

पाकिस्तान में 9 आतंकी ढेर, जिसमें लश्कर-ए-इस्लाम के थे 2 कमांडर 8 सुरक्षाकर्मियों की भी गई जान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार देर रात सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई, जिसमें कम से कम 9 आतंकवादी और 8 सुरक्षाकर्मी मारे गए। यह मुठभेड़ खैबर जिले के तिराह मैदान घाटी में चलाए गए एक आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान हुई। सूत्रों के अनुसार, इस अभियान के दौरान लश्कर-ए-इस्लाम के दो महत्वपूर्ण कमांडर भी मारे गए। मुठभेड़ में 7 सुरक्षाकर्मी और 6 आतंकवादी घायल हुए हैं। सुरक्षाबलों ने तीन अलग-अलग बिंदुओं पर अपनी तैनाती की थी और कई घंटों तक यह अभियान जारी रहा। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इस अभियान में आस-पास के कुछ नागरिक भी घायल हो गए हैं। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज किया है। इस मुठभेड़ में हुई मौतों और घायलों की संख्या बढ़ भी सकती है, क्योंकि अभियान जारी है।

डोनाल्ड ट्रंप का फैसला, अवैध अप्रवासियों को बाहर करने के लिए सेना का उपयोग होगा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने वाले रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध रूप से देश में रहने वाले लोगों के लिए चौंकाने वाली घोषणा की है।उन्होंने रूढ़िवादी समूह ज्यूडिशियल वॉच के अध्यक्ष टॉम फिटन के एक पोस्ट पर सहमति जताते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करेंगे और अवैध अप्रवासियों को देश से बाहर निकालने के लिए सेना का इस्तेमाल करेंगे।फिटन काफी समय से ट्रंप से इस मामले में कार्रवाई की मांग करते रहे हैं। टॉम फिटन ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, अच्छी खबर: रिपोर्ट्स के अनुसार, आने वाला ट्रंप प्रशासन राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के लिए तैयार है और सामूहिक निर्वासन कार्यक्रम के जरिए बाइडेन के आक्रमण को उलटने के लिए सैन्य संपत्ति का उपयोग करेगा।इस पोस्ट पर ट्रंप ने सहमति जताते हुए लिखा, सच है और इसे रीपोस्ट किया।बता दें, ट्रंप ने चुनाव के दौरान निर्वासन के मुद्दे पर अपनी साफ राय रखी थी। ट्रंप ने अपनी घोषणा के मुताबिक, निर्वासन के लिए अपनी टीम तैयार कर ली है। उन्होंने प्रशासन में आव्रजन और सीमा शुल्क के प्रवर्तन के कार्यवाहक निदेशक टॉम होमन को बॉर्डर जार नियुक्त किया है।होम अवैध लोगों को उनके मूल देश वापस भेजने के प्रभारी होंगे। इसके अलावा ट्रंप के पिछले कार्याकल में आव्रजन नीतियों के प्रमुख स्टीफन मिलर को होमलैंड सिक्योरिटी सलाहकार बनाया गया है।साथ ही क्रिस्टी नोएम को होमलैंड सुरक्षा वभाग में सचिव बनाया गया है।

महाराष्ट्र में कैश कांड के बाद अब एक और बवाल, नासिक के होटल से मिली नकदी नोट गिनती रह गई मशीन

नासिक (आरएनएस)। महाराष्ट्र में अभी कैशकांड का मामला ठंडा नहीं हुआ है कि इस बीच अब एक नया बवाल सामने आया है. यहां नासिक के एक होटल से 1.98 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई है. इसपर जिला मजिस्ट्रेट जलज शर्मा ने कहा, 1.98 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं. व्यय पर्यवेक्षक और टीम आगे की कार्रवाई कर रही है.

कोलकाता से फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारत में घुसे थे, कर्नाटक में पकड़े गए 6 बांग्लादेशी

बेंगलुरु | आरएनएस

कर्नाटक के चित्रदुर्गा शहर में पुलिस ने अवैध तरीके से रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में घुसे थे और जाली दस्तावेजों के आधार पर यहां रह रहे थे। इन गिरफ्तार आरोपियों के पास से फर्जी आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, श्रमिक कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड और पासपोर्ट भी बरामद किया गया है।

चित्रदुर्गा के एसपी कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि यह गिरफ्तारी 18 नवंबर 2024 को शहर के होलालकेरे रोड पर स्थित अरविंद गारमेंट्स और व्हाइट वॉश गारमेंट्स के पास की गई। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में इन बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सुमन हुसैन, शेख सैफुर रहमान, मजहरुल, अजीजुल शेख, मोहम्मद शाकिब सिकदर और सनोवर हुसैन शामिल हैं।

इन आरोपियों ने बताया कि वे भारत में बसने और काम करने के लिए पश्चिम बंगाल के कोलकाता से फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारत में प्रवेश किए थे। इसके बाद उन्होंने विभिन्न राज्यों में काम किया और हाल ही में रोजगार के लिए चित्रदुर्गा शहर पहुंचे थे।

पुलिस ने इन आरोपियों के पास से मिले फर्जी दस्तावेजों को जब्त कर लिया है और अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर बेंगलुरु भेजने की योजना बनाई है, जहां उनकी पूछताछ जारी रहेगी। पुलिस को संदेह है कि जिले में बांग्लादेशी घुसपैठियों का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय हो सकता है और इसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

गैर-हिंदु कर्मचारियों का होगा तबादला, तिरुपति मंदिर बोर्ड का अहम फैसला

❒ राजनीतिक बयानबाजी करने पर होगी कार्रवाई

नईदिल्ली | आरएनएस

तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिलावट का मामला काफी सुर्खियों में रहा. ऐसी गलती दोबारा न हो, इसको लेकर कड़ा फैसला लिया गया है. हाल ही में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की बैठक हुई. बैठक में मंदिर बोर्ड के नए अध्यक्ष बीआर नायडू के नेतृत्व में अहम फैसले किए गए हैं. बैठक में तय किया कई बड़े फैसले लिए गए हैं.

बैठक में तय गया कि मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन में करने वाले समय को दो से तीन घंटे तक कम करने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल का गठन किया जाएगा. मंदिर में राजनीतिक बयानबाजी पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा. बैठक में लड्डू बनाने के लिए उच्च क्वालिटी की घी खरीदी, गैर हिंदू कर्मचारियों के ट्रांसफर करने जैसे कई अहम फैसले लिए गए हैं.

टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने बताया कि भगवान के दर्शन के लिए प्रतीक्षा समय को घटाने के लिए प्रभावी तरीके तलाशे जा रहे हैं. टीटीडी ने एआई सहित अन्य तरीकों के इस्तेमाल से भक्तों के सैलाब को कम करने और उन्हें सुव्यवस्थित करने के उपायों को खोजने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल का गठन किया है.

राव ने बताया कि राज्य सरकार को मंदिर में काम करने वाले गैर-हिंदुओं के बारे में फैसला लेने के लिए मंदिर बोर्ड पत्र लिखेगा. टीटीडी चाहता है कि मंदिर में काम करने वाले गैर-हिंदू कर्मचारियों को अन्य संस्थानों में ट्रांसफर किया जाए या फिर लोगों को वीआरएस की पेशकश की जाए. टीटीडी सुनिश्चित करना चाहता है कि मंदिर के सभी कर्मी टीटीडी के आध्यात्मिक और धार्मिक मूल्यों के अनुसार हों.

मंदिर ने आंध्र प्रदेश पर्यटन निगम द्वारा जारी होने वाले दर्शन कोटे को समाप्त कर दिया है. राव ने कहा कि मंदिर में बयानबाजियों और भाषणों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. ऐसा करने वाले लोगों पर कार्रवाई भी की जा सकती है. मंदिर प्राइवेट बैंकों में जमा अपने पैसे को निकालकर सरकारी बैंकों में जमा करेगा. इसके अलावा, उम्मीद है कि जल्द ही उच्च क्वालिटी वाले घी के लिए निविदाएं जारी की जाएंगी.

थाइलैंड में 80 घंटे से फंसे एयर इंडिया के यात्री, दिल्ली आने वाली फ्लाइट की फुकेत में इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली | आरएनएस

थाइलैंड के फुकेट में एयर इंडिया के यात्री करीब 80 घंटे से फंसे हैं। फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के कारण उड़ान को रद्द कर दिया है। एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई377 को फुकेट से दिल्ली आना था। 16 नवंबर की रात दिल्ली फ्लाइट आनी थी लेकिन अभी तक नहीं आ पाई है। सूत्रों के अनुसार, 35-40 यात्री हैं अभी फुकेट में हैं, उन्हें आज शाम की फ्लाइट से रवाना किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, तकनीकी खराबी के चलते विमान को 6 घंटे देरी से उडऩे की घोषणा की गई। फिर बोर्डिंग शुरू हुई तो एक घंटे बाद यात्रियों को उतार दिया गया और फ्लाइट को रद्द करने की जानकारी दी गई। एयर इंडिया से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 16 नवंवर को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन की वजह से विमान को उड़ाया नहीं गया था। 17 नवंबर को जब विमान को उड़ाया गया तो उसमें टेक्निकल इश्यू आ गया, जिसके कारण इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान ठीक नहीं हो पाया जिसके कारण दिक्कत हुई।

सभी यात्री को स्टे का इंतज़ाम किया गया और सभी के किराये वापस किए जाएंगे। सूत्रों ने कहा की कई यात्रियों को भेज दिया गया है। 35-40 यात्री फुकेट में हैं। उन्हें आज शाम की फ्लाइट से रवाना किया जाएगा।

सोशल मीडिया पर यात्रियों द्वारा डाले गए कई पोस्ट के अनुसार, एयर इंडिया की नई दिल्ली जाने वाली उड़ान के 100 से अधिक यात्री तकनीकी खराबी के कारण कई देरी के बाद 80 घंटे से अधिक समय से थाईलैंड के फुकेत में फंसे हुए हैं। यात्रियों के मुताबिक, फ्लाइट 16 नवंबर की रात को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन एयरलाइन के प्रतिनिधियों ने यात्रियों को तकनीकी खराबी के कारण छह घंटे की देरी की सूचना दी। यात्रियों का आरोप है कि हवाईअड्डे पर घंटों इंतजार कराने के बाद उन्हें विमान में चढऩे के लिए कहा गया, लेकिन एक घंटे बाद उन्हें विमान से उतार दिया गया। उड़ान रद्द कर दी गई। यात्रियों में बुजुर्ग और बच्चे भी शामिल थे।

इसके बाद विमान को उड़ान के लिए तैयार किया गया। यात्रियों का कहना है कि उन्हें बताया गया कि यह वही विमान है, लेकिन खराबी ठीक कर दी गई थी। विमान ने उड़ान भरी और उड़ान भरने के करीब ढाई घंटे बाद वापस फुकेत में उतरा और यात्रियों को फिर बताया गया कि तकनीकी खराबी आ गई है। तब से यात्री फुकेत में फंसे हुए हैं।

ड्यूटी टाइम पूरा हो गया, पेरिस से दिल्ली आ रही फ्लाइट को जयपुर में ही छोड़कर भाग गए पायलट

❒ 9 घंटे तक फंसे रहे यात्री

नईदिल्ली | आरएनएस

पेरिस से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में सोमवार को एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जब पायलट अपना ड्यूटी टाइम पूरा होने के चलते फ्लाइट जयपुर में ही छोडक़र चले गए। पायलट का कहना था कि उनके ड्यूटी आवर्स पूरे हो गए हैं। फ्लाइट में सवार 180 से ज्यादा पैसेंजर्स 9 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे। इसके बाद में उन्हें सडक़ मार्ग से दिल्ली भेजा गया।

बता दें कि यह फ्लाइट एयर इंडिया की एआई-2022 थी, जो रविवार रात 10 बजे पेरिस से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। फ्लाइट का निर्धारित समय सुबह 10:35 बजे था, लेकिन खराब मौसम के कारण विमान दिल्ली लैंड नहीं कर सका। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (रञ्जष्ट) के निर्देश पर पायलट ने फ्लाइट को जयपुर में लैंड किया, जहां वह दोपहर तक उड़ान के लिए क्लीयरेंस का इंतजार करते रहे। जब क्लीयरेंस मिलने में देरी हुई और पायलट का ड्यूटी टाइम खत्म हो गया, तो उन्होंने फ्लाइट को छोड़ दिया, जिससे विमान में सवार सभी यात्रियों को बिना किसी स्पष्ट समाधान के इंतजार करना पड़ा। नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा शुरू कर दिया और वैकल्पिक फ्लाइट की मांग की, लेकिन एयरलाइंस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। 180 से ज्यादा पैसेंजर्स को करीब 9 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा। हालांकि इस दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से पैसेंजर्स की नाराजगी दूर करने के लिए उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके बाद कुछ पैसेंजर्स अपने निजी वाहनों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। जबकि कुछ को एयरलाइंस कंपनी ने बस के माध्यम से दिल्ली भेजा।

प्रधानमंत्री मोदी और पीएम मेलोनी की मुलाकात : भारत-इटली ने रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई

रियो डी जेनेरियो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी महत्व को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अपने सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने रोम-नई दिल्ली साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए एक ज्वाइंट स्ट्रेटेजिक एक्शन प्लान के साथ-साथ टाइम सेंसिटिव इनिशिएटिव की सीरीज की रूपरेखा तैयार की। प्रधानमंत्री मोदी की इतालवी समकक्ष जियोर्जिया मेलोनी के साथ बातचीत में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच साझेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रधानमंत्री ने विस्तार से बताया, रियो डी जेनेरियो जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मिलकर मुझे खुशी हुई। हमारी बातचीत रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और टेक्नोलॉजी में संबंधों को मजबूत बनाने पर केंद्रित रही। हमने संस्कृति, शिक्षा और ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी बात की। भारत-इटली की दोस्ती एक बेहतर दुनिया के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। इतालवी प्रधानमंत्री मेलोनी ने भी एक्स पर पोस्ट किया, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर हमेशा बहुत खुशी होती है। रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर भी हमारी मुलाकात हुई। पीएम मेलोनी ने आगे कहा, यह बातचीत एक अनमोल अवसर थी, जिसने हमें व्यापार और निवेश, साइंस-टेक्नोलॉजी, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 2025-29 के लिए एक ज्वाइंट स्ट्रेटेजिक एक्शन प्लान की घोषणा के साथ भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की अनुमति दी। इतालवी प्रधानमंत्री ने कहा, हमने दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं, नागरिकों के लाभ के लिए और लोकतंत्र, कानून के शासन, विकास के साझा मूल्यों के समर्थन में अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की। -- एमके/

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अपने सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई।

बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने रोम-नई दिल्ली साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए एक ज्वाइंट स्ट्रेटेजिक एक्शन प्लान के साथ-साथ टाइम सेंसिटिव इनिशिएटिव की सीरीज की रूपरेखा तैयार की।

प्रधानमंत्री मोदी की इतालवी समकक्ष जियोर्जिया मेलोनी के साथ बातचीत में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच साझेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

प्रधानमंत्री ने विस्तार से बताया, रियो डी जेनेरियो जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मिलकर मुझे खुशी हुई। हमारी बातचीत रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और टेक्नोलॉजी में संबंधों को मजबूत बनाने पर केंद्रित रही। हमने संस्कृति, शिक्षा और ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी बात की। भारत-इटली की दोस्ती एक बेहतर दुनिया के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

इतालवी प्रधानमंत्री मेलोनी ने भी एक्स पर पोस्ट किया, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर हमेशा बहुत खुशी होती है। रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर भी हमारी मुलाकात हुई।

पीएम मेलोनी ने आगे कहा, यह बातचीत एक अनमोल अवसर थी, जिसने हमें व्यापार और निवेश, साइंस-टेक्नोलॉजी, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा, कनेक्टिविटी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 2025-29 के लिए एक ज्वाइंट स्ट्रेटेजिक एक्शन प्लान की घोषणा के साथ भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की अनुमति दी।

इतालवी प्रधानमंत्री ने कहा, हमने दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं, नागरिकों के लाभ के लिए और लोकतंत्र, कानून के शासन, विकास के साझा मूल्यों के समर्थन में अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने पर सहमति जताई।